खरीफ फसलें बचाने में ही खर्च हो गया कुएं-ट्यूबवेल का पानी, अब रबी की चिंता

नवभारत न्यूज

बैतूल, 4 नवंबर. इस साल अल्पवर्षा और मानसून की समय से पूर्व विदाई का असर जिले के जलस्त्रोत कुंओं और ट्यूबवेलों पर पडने लगा है। किसानों ने धान, मूंगफली और गन्ने की फसल बचाने के लिए कुओं और ट्यूबवेल से सिंचाई कर दी।

अब रबी की बोवनी के लिए

रबी बोवनी का रकबा 41 प्रतिशत घटने का अनुमान

सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से किसान चिंतित

पानी कम बचने की आशंका है। हालात यह है कि मानसून की समय से पहले बिदाई के कारण धान के खेतों में पानी देना पड़ा। खेत सूखने से मूंगफली की फसल नहीं निकल पा रही थी। जिससे खेतों से मूंगफली निकालने के पूर्व पानी देना किसानों की मजबूरी बन गई। इन सब के चलते खेत में ट्यूबवेल और कुंओं में जमा पानी खरीफ फसलों को बचाने में ही खर्च हो रहा है। इस स्थिति में किसानों के पास रबी फसल चना, सरसो के लायक भी पानी बचने की उम्मीद नहीं है। बता दे कि जिले के 200 बांधों में से 127 में 50 प्रतिशत तक ही पानी भर पाया है। जल उपयोगिता समिति ने कम पानी वाले बांधों से सिंचाई के लिए पानी नहीं देने का फैसला किया है। बाकी 73 बांधों से भी किसानों को केवल एक या दो बार पानी मिल सकेगा।

खरीफ फसल बचाने में ही खर्च हो रहा पानी : समय से पहले मानसून की विदाई और अक्टूबर में तेज धूप के कारण खेतों की नमी तेजी से कम हुई। इसलिए किसानों ने फसल बचाने सिंचाई की। किसानों के मुताबिक, धान की



फसल नवंबर के दूसरे पखवाड़े में पककर तैयार होती है। बारिश बंद होने के कारण अक्टूबर की शुरुआत से ही खेतों में पानी देना पड़ा। खेतों में नमी कम होने से मूंगफली निकालने में परेशानी हो रही है। जमीन सूखने से पौधे खींचने पर टूट जाते हैं और फलियां मिट्टी में ही रह जाती हैं। इसलिए मूंगफली निकालने से पहले खेत में पानी देना पड़ रहा है। गन्ने की फसल को भी सिंचाई की जरूरत है। किसान फिलहाल खरीफ की खड़ी फसलों को बचाने में जुटे हैं, लेकिन उन्हें रबी की बोवनी के लिए पानी बचाने की चिंता भी है।

50 प्रतिशत से कम भरे जलाशयों से नहीं मिलेगा पानी : विगत दिनों जल उपयोगिता समिति की बैठक में कम जलभराव वाले बांधों का पानी पेयजल और निस्तार के लिए सुरक्षित रखने का फैसला किया है। 50 प्रतिशत से कम भरे बांधों से सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जाएगा। वहीं, 50 से 70 प्रतिशत तक भरे बांधों से खेती के लिए एक या दो बार पानी देने की व्यवस्था की जाएगी। पेयजल और निस्तार के लिए पानी सुरक्षित रखने के कारण सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी सीमित हो गया है। ऐसे में जलस्त्रोतों का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार करना जरूरी है, ताकि गर्मी से पहले पेयजल संकट की स्थिति न बने। इससे उन किसानों को परेशानी हो सकती है, जो सिंचाई के लिए बांधों पर निर्भर हैं। उन्हें उपलब्ध पानी के अनुसार फसल का चयन करना होगा। किसानों ने अब रबी फसलों की बोवनी भगवान भरोसे छोड़ दी है। गेहूं की फसल लायक तो पर्याप्त पानी बचा नहीं। ऐसे में किसान कम पानी में पकने वाली फसलें चना, सरसो आदि लगाने का मन बना रहे है।

रबी की खेती का रकबा घटने की आशंका

किसानों ने अब रबी फसलों की बोवनी भगवान भरोसे छोड़ दी है। गेहूं की फसल लायक तो पर्याप्त पानी बचा नहीं। ऐसे में किसान कम पानी में पकने वाली फसलें चना, सरसो आदि लगाने का मन बना रहे है। यहीं कारण है कि जिले में रबी की खेती का क्षेत्र घट सकता है और इसका असर फसल उत्पादन और किसानों की आय पर भी पडने की आशंका है। किसानों के पास जो थोड़ा पानी है, वह खरीफ फसल बचाने में ही खर्च हो रहा है। यदि यही हाल रहा तो जिले में इस साल रबी फसलों की बुवाई आधी से भी कम होने की संभावना है। इधर बांधों से भी सीमित सिंचाई मिलने के कारण रबी की खेती प्रभावित होने की आशंका है। किसानों को उपलब्ध पानी के हिसाब से बोवनी का रकबा तय करना होगा।

पेयजल के लिए भी बांधों में पानी आरक्षित

कम बारिश के बीच शहरों और गांवों में पेयजल की जरूरत पूरी करना भी चुनौती है। बैतूल शहर की जलापूर्ति माचना और ताप्ती नदी से जुड़े जलस्त्रोतों पर निर्भर है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, माचना पर बने लाखापुर बांध में 2.56 मिलियन घनमीटर पानी आरक्षित किया गया है। पारसडोह और घोघरी बांधों में भी पानी सुरक्षित रखा गया है। इन जलस्त्रोतों से बैतूल और बुरहानपुर जिलों की जरूरत के अनुसार पानी छोड़ा जाता है। वहीं, आठनेर के लिए बाकुड़ बांध में 1.2 मिलियन घनमीटर और बैतूल के लिए गढ़ा बांध में 2 मिलियन घनमीटर पानी आरक्षित रखने की जानकारी है।

एक नजर में

पीएम आवास योजना सूची में अपात्र भी शामिल

पाथाखेड़ा। खैरवानी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत खैरवानी ग्राम पंचायत में हितग्राहियों की सूची को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। पंचायत में करीब 100 ग्रामीणों के नामों की सूची सामने आई है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि इस सूची में ऐसे लोगों के नाम भी शामिल हैं, जो गरीबी रेखा से ऊपर जीवनयापन कर रहे हैं और आर्थिक रूप से सक्षम हैं। वहीं दूसरी ओर वास्तविक जरूरतमंद और मजदूर परिवार योजना के लाभ से वंचित रह जाने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि हितग्राहियों के चयन में पारदर्शिता के बजाय कथित कमीशनखोरी, राजनीतिक प्रभाव और आपसी तालमेल को प्राथमिकता दिए जाने की आशंका है। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह जरूरतमंद परिवारों के अधिकारों के साथ अन्याय होगा। इस संबंध में पंचायत सचिव से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि सूची अभी प्राप्त हुई है तथा इसमें से पात्र हितग्राहियों का चयन होना बाकी है। अब सवाल यह है कि चयन प्रक्रिया में वास्तविक पात्रता और शासन के निर्धारित मापदंडों का कितना पालन होगा? ग्रामीणों ने मांग की है कि सूची का निष्पक्ष सत्यापन कर अपात्रों को बाहर किया जाए और वास्तविक गरीब एवं मजदूर परिवारों को प्राथमिकता दी जाए।

बिसनूर स्कूल में पहुंची कौशल विकास यात्रा

बैतूल। बिसनूर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आईसेक्ट की कौशल विकास यात्रा पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मालवीय ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), आधुनिक तकनीक और कौशल विकास की जानकारी दी गई। सतीश ठाकरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में एआई की जानकारी और उसका सही उपयोग जरूरी है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक एम. मासोदकर, सावन डढोरे, आर. डी. कुमरे, सतीश ठाकरे (आईसीटी प्रभारी), देशमुख, पीयूष नीनावे, पंडोले एवं भटकरे उपस्थित रहे।

नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक एवं प्रशिक्षण संपन्न

नवभारत,बैतूल। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा 4 नवंबर को भारत भारती परिसर जामठी में नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की साकी निकाय के सदस्य श्री बुधपाल जी उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में नर्मदापुरम संभाग के संभाग समन्वयक श्री कौशलेश तिवारी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला समन्वयक संतोष सिंह राजपूत द्वारा प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए जिले में परिषद की गतिविधियों, नवांकुर संस्थाओं की भूमिका एवं आगामी



कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया। बैठक में विगत पांच माह में जिले की समस्त नवांकुर संस्थाओं द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें जल गंगा संवर्धन अभियान, नवांकुर सखी हरियाली यात्रा, तिरंगा यात्रा, सेवा संकल्प अभियान, सेवा मेरा योगदान, जल संरक्षण, बोरी बंधान, वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण सहित विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रत्येक नवांकुर संस्था द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में किए गए कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। संस्थाओं ने अपने कार्यों की प्रगति, उपलब्धियों, जनभागीदारी एवं क्षेत्र में किए गए नवाचारों की जानकारी प्रस्तुत की। अतिथियों द्वारा प्रस्तुतियों का अवलोकन कर आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव दिए गए। बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रशिक्षण, संस्थाओं के दस्तावेजीकरण, उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं विगत तीन माह की गतिविधियों की रिपोर्ट को व्यवस्थित रखने पर भी विशेष चर्चा की गई। आगामी समय में ग्राम स्तर पर जनभागीदारी को और मजबूत करने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को परिणाममूलक बनाने जोर दिया गया।

लंका पर चढ़ाई के पूर्व श्रीराम ने समुद्र का तोडा घमंड

नवभारत, मुलताई। नगर के गांधी चौक में चल रही रामलीला में मंगलवार रात्रि क्रोधित श्रीराम एवं समुद्र देव के संवाद तथा श्रीराम द्वारा शिव लिगं रामेश्वरम की स्थापना की लीला मंचन किया गया। मंगलवार को लीला में लंका दहन के बाद हनुमान जी श्रीराम के पास आकर माता सीता की खोज सफल समाचार देते है। जिसके बाद श्रीराम अपने वानर और रीछ की सेना लेकर समुद्र तट पर पहुचते एवं समुद्र देवता से रास्ता देने के लिए आग्रह करते है। कई बार आग्रह करने के बाद भी समुद्र देव रास्ता नही देते है जिससे भगवान श्रीराम क्रोधित होने तीर



निकालते है जिस पर समुद्र देव प्रकट होकर भगवान श्रीराम से क्षमा याचना करते है और बताते है कि प्रभु आपकी सेना में नल और नील नामक वानर है वे जो भी पत्थर समुद्र में फेंकेगें वह तैरने लगेगें साथ ही में अपनी लहरो को रोक कर आपका रास्ता बनाने में मदद करूगां। वही श्रीराम समुद्र पर सेतू बनने तक अपने इष्ट शिवलिंग की स्थापना करने की तैयारी करते है। श्री राम द्वारा अपने ईश्वर की स्थापना करने से शिवलिंग का नाम रामेश्वरम पड़ा।

डॉ सागर पाटनकर बने एमडी डिग्रीधारक डॉक्टर



नवभारत, भौंरा। क्षेत्र के समाजसेवी डॉक्टर पाटनकर परिवार से लगातार चौथे एमडी डिग्रीधारक डॉक्टर सागर पाटनकर बने। उन्होंने न केवल पाटनकर परिवार का बल्कि क्षेत्र का नाम भी रोशन किया। डॉ सागर पाटनकर के परिवार के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर बड़े पापा एमके पाटनकर, पापा समाजसेवी डॉक्टर संजय पाटनकर, डॉ अंजलि पाटनकर, श्रीखंडे एमडी डॉक्टर, निन्नाद श्रीखंडे एमएसएमसीएच डॉ अमृता पाटनकर, एमडी डॉक्टर आनंद पाटनकर, एमडी डॉ नूपुर पाटनकर, एमएस डॉक्टर सागर पाटनकर, एमडी डॉ आर्यन पाटनकर के चिकित्सीय क्षेत्र में सफल रहने पर क्षेत्र को चिकित्सीय क्षेत्र में सही जानकारी और उचित इलाज जानकारी मिल जाती है। जिससे क्षेत्र की जनता को सहजता और सरलता होती है। उनके एमडी बनने पर दिनेश गोयल, कैलाश पाटनकर, राजेंद्र सिरोठिया, धनराज मालवीय, अशोक अग्रवाल, जय किशोर मिश्रा, राजेश नायक, प्रितपाल जुनेजा, विवेक ठाकुर आदि ने बधाई दी है।

शक्ति सदन में दीपावली पर वितरित किए कपड़े

नवभारत, सारनी। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से संचालित ग्राम भारती महिला शक्ति सदन स्वाधार गृह शोभापुर कॉलोनी में निवासरत महिला एवं बच्चों को दीपावली पर नए कपड़े एवं मौसम को देखते हुए गर्म कपड़े वितरित किए गए। शक्ति सदन में महिलाओं एवं बच्चो कि कपड़े पाकर चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। निवासरत महिलाओं ने अपनी भावनाओं को अपनी अभिव्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किया। गीत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन जीत लिया। शक्ति सदन में शांत एवं किसी से ना बोलने वाली भी महिला भी इस माहौल को देखते हुए अपने आप को रोक न



पाई तथा संगीत की धुन पर खुलकर थिरकने लगी। जिससे शक्ति सदन का माहौल एक परिवार जैसा दिख रहा था। सभी दीपावली की तैयारी मे आत्मीयता के साथ जुड़ गए। संस्था प्रमुख श्रीमती भारती अग्रवाल द्वारा सभी बच्चों महिलाओं एवं स्टाफ को आत्मीय रूप से आशीर्वाद के साथ गिफ्ट भेंट किये।सभी ने दिल से धन्यवाद दिया तथा हर वर्ष इस प्रकार दीपावली पर मिलजुल कर हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाते रहे। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख श्रीमती भारती अग्रवाल, संस्था कोषाध्यक्ष नंदा सोनी, महिला एवं बच्चे ने भरपूर आनंद के साथ कार्यक्रम संपन्न किया।

जेएच कॉलेज के गेट पर गार्ड और युवक में मारपीट

बैतूल। बैतूल में पीएमश्री जेएच कॉलेज के मुख्य गेट पर बुधवार को सुरक्षा गार्ड और एक युवक के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। घटना के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में पहले दोनों के बीच बहस होती दिखाई देती है। इसके बाद विवाद इतना बढ़ जाता है कि दोनों एक-दूसरे के साथ मारपीट करने लगते हैं। एक वीडियो में युवक गार्ड को जमीन पर गिराते नजर आता है, जबकि गार्ड भी युवक पर थप्पड़ और घूंसे बरसाता दिखाई देता है। युवक नितिन विश्वास का कहना है कि वह अपने दोस्त का मोबाइल देने कॉलेज पहुंचा था। इसी दौरान मुख्य गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने उसे रोक लिया। नितिन का आरोप है कि गार्ड ने उसके साथ गाली-गलौज की और अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और गार्ड ने मारपीट शुरू कर दी। युवक ने मामले में अजाक थाने में शिकायत करने की बात कही है। वहीं कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे ने बताया कि बुधवार से एमए और एमएससी सहित स्नातकोत्तर कक्षाओं की परीक्षाएं शुरू हुई हैं। इसके चलते सुरक्षा गार्डों को बाहरी लोगों और बिना काम कॉलेज आने वालों को रोकने के निर्देश दिए गए थे। गार्ड ने भी घटना को लेकर कॉलेज प्रबंधन को लिखित शिकायत दी है।

जागरूकता और सहभागिता जरूरी : पंडागरे

नवभारत, सारनी। भाजपा मंडल सारनी एवं बगडोना मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सारनी के मंगल भवन मे लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा, नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आमला-सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि लोकतंत्र केवल एक शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की



भागीदारी और जिम्मेदारी का प्रतीक है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए नागरिकों का जागरूक होना बेहद आवश्यक है। हमें संविधान में दिए गए अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए। समाज में लोकतांत्रिक मूल्यों, आपसी सद्भाव और सकारात्मक संवाद की भावना को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है।जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की सफलता जागरूक समाज और जिम्मेदार नागरिकों पर निर्भर करती है।

150 किलो संदिग्ध मिठाई जब्त, 5 दुकानों से लिए 15 सैंपल

नवभारत, बैतूल। बैतूल में दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही बाजार में मिठाइयों की मांग बढ़ गई है। इसी बीच मिलावट की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में मिठाई दुकानों की जांच शुरू कर दी है।

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शाहपुर और बैतूल में कार्रवाई की। शाहपुर में एक दुकान से 150 किलो संदिग्ध मिठाई जब्त की गई है। वहीं, कई दुकानों से मिठाइयों के नमूने लेकर जांच के लिए भोपाल भेजे गए हैं। खाद्य विभाग



की टीम ने शाहपुर की पांच मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अलग-अलग खाद्य पदार्थों के कुल 15 नमूने लिए गए। जांच के दौरान एक दुकान पर रखी 150 किलो मिठाई संदिग्ध मिलने पर टीम ने उसे मौके पर ही जब्त कर लिया। विभाग अब नमूनों की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है।

भोपाल लैब भेजे मिठाइयों के सैंपल : शाहपुर के अलावा बैतूल के गंज क्षेत्र में भी खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाई दुकानों से नमूने एकत्र किए हैं। इन नमूनों को जांच के लिए भोपाल स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी खाद्य अधिकारी संदीप पाटिल के अनुसार, त्योहार के दौरान लोगों को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विभाग लगातार जांच कर रहा है। मिठाई दुकानों के साथ अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों पर भी निगरानी रखी जा रही है। विभाग ने दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

ज्ञापन अधिवक्ता संघ ने की तहसील की व्यवस्था सुधारने की मांग

ताप्ती सरोवर के आसपास से हटेगा अतिक्रमण,नगरीय सीमा का होगा विस्तार

नवभारत, मुलताई। पवित्र नगरी में मॉ ताप्ती लोक एवं नगरीय विकास की संभावनाए तलाशी जा रही है। जिसको लेकर बुधवार की दोपहर करीब साढे 12 बजे कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे मुलताई पहुचें।

राजस्व रिकार्ड का किया परीक्षण

वकीलों ने तहसील की व्यवस्था में सुधार की मांग

इस दौरान उन्होने एसडीएम कक्ष में नगरीय सीमा के विस्तार को लेकर एसडीएम से चर्चा कर राजस्व रिकार्ड का परीक्षण किया।



वही ताप्ती सरोवर के आसपास व्याप्त चिह्नित अतिक्रमण हटाने को लेकर एसडीएस राजीव कहार एवं तहसीलदार डॉ संजय बरैया से चर्चा कर दीपावली के बाद अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये है। इस संबध में जिला कलेक्टर डॉ सोनवणे से स्थानीय समस्याओ को लेकर पत्रकारो ने चर्चा की गई तो उन्होने बताया उनके आगमन का उद्देश्य मुख्य रूप से मॉ ताप्ती उदगम सरोवर के जल आवक मार्ग एवं ताप्ती सरोवर के आपपास स्थित अतिक्रमण हटाना है,जिसे लेकर चर्चा हुई है। दीपावली बाद ताप्ती सरोवर के आसपास का अतिक्रमण हटाया जाएगा। वही नगरीय विकास को लेकर सीमा विस्तार एवं नये प्रोजेक्ट् के लिए प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि चिन्हित की जा रही है। नगर के मुख्य मार्ग से दिनभर भारी वाहनो के आवागमन से बार बार जाम लगने के प्रश्न पर उन्होने पुलिस विभाग से चर्चा करने की बात कही एवं उन्होने भारी वाहनो के आवागमन पर रोक लगाने के संबध में स्थिति को देखते हुए एसडीएम को प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। जबकि नगर में अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कार्रवाई करने की बात कही।

वकीलो ने कहा तहसील की व्यवस्था में हो सुधार : अधिवक्ता संघ मुलताई द्वारा कुछ दिनों पूर्व बैतूल पहुंचकर मुलताई तहसील कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अफसरशाही होने की शिकायत की थी। वही जनहित की समस्याओं को लेकर भी ज्ञापन सौपा था। बुधवार को कलेक्टर के मुलताई प्रवास के दौरान अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सीएस चंदेल ने नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधी मंडल कलेक्टर से मिला एवं पूर्व में सौपे गए ज्ञापन पर कार्रवाई करने को लेकर चर्चा की। उन्होने तहसील में अधिकारियो द्वारा प्रकरणों की सुनवाई के दौरान की जा रही मनमानी पर रोक लगाने की मांग की जिस पर कलेक्टर ने अधिवक्ताओं को कार्रवाई का आश्वासन दिया।

अनदेखी : नही रूक पा रही पवित्र नगरी में शराब बिक्री

मुलताई। पवित्र नगरी में प्रशासन द्वारा शराब बिक्री पर रोक लगाई है। लेकिन पवित्र नगरी में शराब गली गली बिक रही है छोटे छोटे नाबालिग बच्चे नगर में शराब की होम डिलेवरी करते नजर आ रहे है। नगर में होम डिलेवरी मे समय पर कुछ आए ना नही आए शराब 20 मिनट में चखना फ्री के साथ पहुच जाती है। आलम यह है कि एक आर्डर पर कई बार दो दो लोग डिलेवरी देने पहुच जाते है। नगर के आसपास अलग अलग ठेकेदारो का ठेका है जिनमें पवित्र नगरी मे अधिक से अधिक शराब बेचने की होड लगी हुई है। इन शराब विक्रेताओं को नेता एवं अधिकारियों का पूर्ण संरक्षण प्राप्त है। पवित्र नगरी में शराब बिक्री योजना में अधिकारी एवं नेता अपने संरक्षण में सुचारू रूप में चलाते नजर आ रहे है। जिसके कारण पवित्र नगरी में शराब बंदी का कोई प्रभाव नगर में नही नजर आ रहा है। नगर के आसपास प्रत्येक ढाबो एवं होटलो में शराब बिक्री हो रही है जहां आहतो की पुर्ण व्यवस्था उपलब्ध होती है। नगर के आसपास के शराब दुकानदारों कहना है कि उनके द्वारा पवित्र नगरी में शराब उपलब्ध नही करवाई जा रही है तो फिर मुलताई नगरी में प्रतिबंध के बाद भी किसी अधिकारी की अनुमति किस ठेकेदार द्वारा शराब बिक्री की जा रही है यह विचारणीय प्रश्न है। जिसका जवाब कोई नेता या अधिकारी नही देना चाहता है। हर बार एक ही रटारटाया जवाब कि हमारे द्वारा निर्देश जारी किए गए है पुलिस और आबकारी विभाग कार्रवाई करेगा ।

न्यायालय तहसीलदार तहसील मुलताई जिला बैतूल मध्यप्रदेश

क्रमांक/0002अ20(5)26-27/647
मुलताई, दिनांक 28/10/26
मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद मुलताई .....आवेदक विभाग
बनाम
मध्यप्रदेश शासन उदघोषणा

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विभाग मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद मुलताई के द्वारा मौजा मुलताई स्थित नजूल भूमि शीट कमांक 22 भूखण्ड कमांक 328/1 रकबा 2884.53 वर्गमीटर अस्पताल पुराना भूमि आंबटित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है तथा प्रकरण में कार्यवाही प्रचलित है। अतएव नगरपालिका परिषद मुलताई को मौजा मुलताई नजूल भूमि शीट क्रमांक 22 भूखण्ड कमांक 328/1 रकबा 2884.53 वर्गमीटर भूमि आंबटित किये जाने में किसी भी हितबद्ध पक्षकार अथवा अन्त्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 16/11/2026 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा एवं आपत्ति पर विचार नहीं कियाक जावेगा। आज दिनांक 28/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा जोरी किया गया।

तहसीलदार, मुलताई